


सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

★वेब चैनल ★यूट्यूब न्यूज ★1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 298 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024



A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION


LIMITED SEATS


NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186


# पटना के होटल क़ी आग में 6 लोग जिंदा जलकर खाख, 20 घायलों की हालत चिंताजनक







पोलिट लाइव रिपोर्टर

पटना : बिहार क़ी राजधानी पटना मे स्टेशन के करीब ही एक पाल होटल मे आग लगने से अफरा तफरी मैच गई, गुरुवार को हुए इस हादसे मे करीब 6 लोग जलकर राख हो गए है, और करीब 20 से ज्यादा लोगो क़ी हालत चिंता जनक है, जैसे पी एम सी एच अस्पताल मे भर्ती कराया गया है,

पटना जंक्शन के पास पाल होटल में गुरुवार सुबह 10 बजे के बाद आग लग गई. हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है जिसमें 3 महिला और 3 पुरुष हैं. सिटी एसपी सेंट्रल चन्द्र प्रकाश के अनुसार मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है, कोशिश की जा रही है. वहीं घायलों में 2 की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि 20 लोगों का इलाज अभी पटना मेडिकल कॉलेज (PMCH) में चल रहा है. आग से आग ने आसपास के 3 होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया. हालांकि 3 घंटे से ज्यादा चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आग को पूरी तरह से काबू कर लिया गया.

दरअसल, पटना जंक्शन गोलंबर के पश्चिम पटना किराना के पास की बहुमंजिली इमारत पाल होटल में गुरुवार 10 बजे के बाद आग की लपटें उठनी शुरू हुई. कुछ ही मिनट आग बेकाबू हो गई और पूरी इमारत धू-धूकर जलने लगी. आग की लपटें इतनी तेज थी पूरी इमारत आग के गोले में तब्दील गई. भीषण गर्मी और तेज हवा के कारण आग की पलटें देखते ही देखते विकराल हो गई. वहीं आग लगने के समय कुछ लोग भी बिल्डिंग में मौजूद थे जिस कारण भीषण चीख-पुकार मच गया.

आग की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड ने कुछ समय बाद मोर्चा संभाला और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. हालांकि तब तक एक महिला के मौत होने की खबर आई. बाद में मरने वालों की संख्या 6 हो गई.




# अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक ली ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

## ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर दिया विशेष प्रशिक्षण





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक, त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है। इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको करना है। इसलिए आज सभी पदाधिकारी को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। वे खुद ईवीएम की तकनिकों को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इससे वोटर टर्नआउट बढ़ेगा, वोटर्स को अधिक फैसिलिटी मिलेगी। साथ ही पोलिंग पार्टी, पोलिंग स्टाफ किसी को चुनाव में कोई समस्या नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही एरर, एरर का कारण और एरर का निराकरण करने की एक-एक कॉपी सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रीसाइडिंग ऑफिसर, एआरओ, एईआरओ एवं प्रखंड की टीम को उपलब्ध कराया जाएगा।

## विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई।

वहीं एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया।


इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, वी.बी.डी. सलाहकार रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## कोलियरी क्षेत्रों के ग्रामीणों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने सीएमडी समीरन दत्ता से मिली



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: झरिया कतरास समेत पूरे कोयलांचल में कोलियरी क्षेत्रों में ग्रामीणों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दो को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह ने अपने संगठन के विशेष प्रतिनिधिमंडल के साथ बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता से कोयला भवन स्थित बीसीसीएल मुख्यालय में मुलाकात की जहा कोलियरी क्षेत्र में पानी, बिजली ,स्वास्थ्य ,शिक्षा , सड़क समेत कई गंभीर विषयों पर वार्ता हुई जिसमे झरिया कोलफील्ड क्षेत्रों में उत्खनन स्थलो के गढ़ों में जमाव जल को शुद्ध कर ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था करने को लेकर वही झरिया से बेलगढिया में विस्थापित लोगो को रोजगार की समस्या हो जाने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है ऐसे में उन्हें जबतक रोजगार नहीं मिल जाता उन्हे झरिया में ही रोजगार उपलब्ध कराई जाए साथ ही बेलगढ़िया में रोजगार की समुचित व्यवस्था कराई जाए वही कतरास सिजुआ एरिया 5 के नगरीजोर नदी में ओबी डंप करने के कारण नदी का अस्तित्व खत्म हो गया है जिससे वहा के स्थानीय ग्रामीणों को पानी की घोर समस्या से जूझना पड़ रहा है इसके लिए प्रबंधन वैकल्पिक व्यवस्था कर लोगो को पानी की व्यवस्था करे। जहा सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने सभी मुद्दों और मांगो पर विचार कर जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वाशन दिया।इस दौरान जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिन्हा केंद्रीय सचिव श्री सतेंद्र कुमार सिंह श्री संतोष कुमार सिंह श्री शिव कुमार यादव समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता रैली सुबह 9 से रंगतांड चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर द्वारा रैली में मौजूद सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।




रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हेंडबील आदि वितरित किए गए।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषिनी मुर्मू, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर सुश्री विनीता कुमारी, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

## बैंक मोड़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स ने राजेंद्र मार्केट और आस पास दूसरे दिन भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : संध्या 5 बजे से बैंक मोड़ चेंबर के द्वारा राजेंद्र मार्केट और आस पास आज दूसरे दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जिसमें दुकानदारो ने मतदान करने एवम् अपने सभी कर्मचारियों को भी मतदान करवाने की सपत ली ।उक्त मौके पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया ।



मौक़े पर बैंक मोड़ चेंबर के महासचिव लोकेश अग्रवाल कोषाद्यक्ष संदीप मुखर्जी , बलबीर सिंह राजपाल , विकास पटवारी ,बँटी चक्रोबर्टी , जितेश राठौर, भरत भाई, मंटू वोराह , महेश टेकवानी ,कल्लू साव , मोनू साव एवम् अन्य दुकानदार उपस्थित थे ।

## धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी ने लोक सभा चुनाव हेतु चार मीडिया पैनेलिस्ट की नियुक्ति किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव 2024,धनबाद लोकसभा के चुनाव में सोशल मीडिया संबंधित कार्य के साथ-साथ पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने को लेकर धनबाद लोकसभा चुनाव के लिए धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से चार मीडिया पैनेलिस्ट की नियुक्ति की गई है,जो इस प्रकार हैं:-

1.लक्ष्मण तिवारी-9431162113
2.प्रभात सुरोलिया-9431122316
3.पप्पु कुमार तिवारी-8271561305
4.प्रसाद नीधि-9835555989

## मोंटफोर्ट अकादमी के 35 छात्रों को कराटे में प्रोन्नति



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : मोंटफोर्ट अकादमी (आमाघाटा) के 35 छात्रों को कराटे में प्रोन्नति प्राप्त हुई है। कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन द्वारा मान्यता प्राप्त इंटरनेशनल शोतोकान कराटे डू क्योकाई द्वारा आयोजित एक दिवसीय बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने -अपने तकनीकों का प्रदर्शन किया। संघ प्रमुख क्योशी रंजीत केशरी तथा स्कूल की कराटे प्रशिक्षिका ममता पांडेय के देखरेख में आयोजित इस ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान स्कूल के 35 छात्र एवम छात्राओं को सफल घोषित करते हुए उनके योग्यतानुसार विभिन्न बेल्ट के लिए प्रोन्नति दी गई। सभी सफल प्रतिभागियों को स्कूल के प्राचार्य प्रशांत कुमार द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रोन्नत हुए प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार है: यश राज, नित्या पांडेय, अदीब शहान, कुमार वत्सल्य तिवारी, विराट सिंह, मोहम्मद अली, शुभम बर्नवाल, तनमय कुमार, हर्षिता कुमारी, मोहित सिंह चौधरी, मानवी कुमारी, आराध्या शर्मा, आरव शर्मा, दिव्यंका गुप्ता, रिया राज, सुरभी कुमारी, आदित्य राज, कुमार कृष्ण कुंज, गोपाल कुमार मंडल, नेहल कुमार सिंह, श्याम सुंदर झा तथा सुयश राज को येलो बेल्ट।

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# धनबाद का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता अनुपमा सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : धनबाद लोकसभा क्षेत्र के जुझारू कांग्रेस की युवा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जनसंपर्क की शुरुआत गुरु वार सुबह 9:00 जामाडोबा जीतपुर बस्ती से कलश यात्रा में सम्मिलित होकर जनता श्रद्धालुओं, का आशीर्वाद प्राप्त किया उपस्थित लोगों में प्रत्याशी के प्रति जो उत्साह देखने को मिला वो अभिभूत करने वाला था भक्त जनों ने महागठबंधन की जीत का भरोसा दिलाया सत्कार करते हुए अनुपमा सिंह ने लोगों का स्नेह प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया आभार व्यक्त किया धनबाद लोकसभा के निरसा विधानसभा में एगारकुंड प्रखंड के गोपालपुरा पंचायत ,काली पहाड़ी पुरब पंचायत पोटाडीहा आदिवासी गांव कुमारधुबी चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया लोग नारे लगा रहे थे धनबाद में आतंक राज नहीं अनुपम राज चाहिए धनबाद का सांसद कैसा हो अनुपमा सिंह जैसा हो कुमारधुबी गुरुद्वारा में मथा टेका आशीर्वाद लिया सिख समाज ने भी अभिनंदन किया आदि क्षेत्र संघन जनसंपर्क चलाया क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिलते ही धरातल पर विकास करके दिखाया जाएगा इस दौरान चिरकुंडा चौक मैं देश के अमर शहीदों की प्रतिमा ऑन को माल्यार्पण कर नमन किया कई जगह संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा कि आज मात्र 4 साल में ही कांग्रेस की झारखंड में गठबंधन की सरकार व्यापक पैमाने पर जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं और उनका ऑन स्पॉट शिविर लगाकर लाभ दिया गया है ताकि कोई भी व्यक्ति योजना के लाभ लेने से वंचित न रहे आज हमारी सरकार ने पंचायत को प्राथमिकता दी साथ ही योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने उन्हें आर्थिक सामाजिक मानसिक एवं भावनात्मक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए खड़ी है हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 5 लाख नए ग्रीन कार्ड बनाने का काम कर रही है मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ सर्वजन पेंशन योजना का लाभ किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ सीएमइजीपी का लाभ सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है हाल ही में हमारी सरकार ने झारखंड का सबसे लंबा पुल 55 करोड़ की लागत से निरसा से जामताड़ा को जोड़ने वाली बारबेंदिया पुल का शिलान्यास किया जो विकास का जीता जागता उदाहरण है पिछले भाजपा की सरकारों ने पन्द्रह वर्ष बिता दिया लेकिन यह पुल का निर्माण नहीं करा पाई केवल लूट खसोट की गई जिसके कारण कई ग्रामीण लोगों की जान चली गई जिसके कारण यहां की जनता और जामताड़ा की जनता को भारी समस्याएं झेलनी पड़ रही है लेकिन हमारी सरकार आते ही इन चार वर्षों में ऐतिहासिक जन कल्याणकारी कार्य कर रही है आने वाले समय में अगर जनता का आशीर्वाद प्राप्त होगा तो भय मुक्त वातावरण एवं समृद्ध धनबाद बनाने का काम करेंगे साथी धनबाद की ज्वलंत मांगों को प्रखरता से संसद में धनबाद की आवाज बनकर उठाऊंगी चाहे वह एम्स का मामला हो चाहे वह ट्रेन का मामला हो, उक्त कार्यक्रम जानकारी जिला प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने रिलीज जारी कर दी।

## जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन
- लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय दुधिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगापाडा में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में सभी अभिभावकों को आगामी 25 मई 2024 को अपने मत का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी अभिभावकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

वही बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय आमटाल मे अभिभावक- शिक्षक द्वारा शपथ लेकर मिटिंग के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत तोपचांची प्रखंड के बुथ संख्या- 508, 271, 252, 234, 282, 172,170,240,240,241 ,242,243,273, एवं 212 के स्कूल एवं घर-घर जाकर स्वीप कार्यक्रम किया गया एवं मतदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया।

सेल कोलियरी में कार्यरत कर्मी एवं आस-पास के सदस्यों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाकर शपथ ली गई। मतदान के महत्व और नए मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाया गया।

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट-गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
(Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th 10th
11th 12th
B.Sc. M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th, 12th & B.A. आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert) 7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert) 9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859

# इंटक कार्यालय सिंदरी मे धनबाद लोक सभा उम्मीदवार अनुपमा सिंह का जोरदार स्वागत कार्यक्रम हुआ

पोलिट लाइव रिपोर्टर





सिंदरी : इंडिया गठबंधन के कांग्रेस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी सह बेरमो के विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के पत्नी श्रीमती अनुपमा सिंह गुरुवार के देर शाम को शहरपुरा बाजार स्थित इंटक कार्यालय में इंडिया गठबंधन के कार्यक्रतो की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव अनुपमा सिंह लड रही है यह चुनाव इंडिया गठबंधन चुनाव लड रही हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल का हमे सहयोग एवं आशिर्वाद चाहिए, बगैर आपलोग के आशिर्वाद के यह चुनाव हम नहीं जीत सकते है। उन्होंने कहा की हमारे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में रखे टीबी के माध्यम से गठबंधन एवं जेएमएम की कार्यो को देख रहे है ओर हमे सहियोग कर रहे। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक किजिए कि इस बार भाजपा को हाराना हैं और कांग्रेस को जितना है। क्योंकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर वर्ग के लिए सोचा गया हैं,आपलो एक महिना साथ दीजिये,मैं आपलोगो को पांच साल साथ दूगी। मोके पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, ए के झा, संतोष महतो, संतोष चौधरी, नरेन्द्र शर्मा, झामुमो धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, परशुराम सिंह,सिंदरी नगर अध्यक्ष अशोक महतो,सीपीएम के विकास ठाकुर, भाकपा माले के सिंदरी नगर सचिव कृष्णा प्रसाद महतो, आरजेडी के मुश मुनेश्वर यादव, कांग्रेस के जिला सचिव मनोज घोष,झामुमो सिंदरी सचिव फागु प्रमानिक, झामुमो नेता मलय चन्द्र महतो, विमल रवानी, सागर मंडल, मदिज खान,आदि थे।

इससे पुर्व इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी रंगामाटी सिंदरी में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस को वोट देने की अपील लोगों से किया। कार्यक्रम के दौरान इंडिया गठबंधन दलों द्वारा धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को माला पहना कर एवं गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिंदरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार ने किया।

## गोविंदपुर फकीरडीह में हजरत इसराइल शाह बाबा के मजार पर सालाना उर्स हुआ शुरू

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : जीटी रोड फकीरडीह में हजरत इसराइल शाह बाबा के मजार पर सालाना उर्स गुरुवार को समारोह पूर्वक शुरू हुआ। उर्स मेला 30 अप्रैल तक चलेगा। मेला में पहले दिन से ही लोगों की भीड़ शुरू हो गई है और दर्जनों दुकानें सज गई है। आज पहले दिन बाबा इसराइल शाह के मजार पर बड़ी संख्या में लोगों ने चादरपोशी की । मेला में मनोरंजन के लिए झूला, ब्रेक डांस आदि की व्यवस्था है। 27 अप्रैल और 29 अप्रैल को मुकाबला ए कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। 27 अप्रैल को डिसरगढ़ के कमाल वारसी एवं आसनसोल के आजाद तथा 29 अप्रैल को मुंबई के जुनैद सुल्तानी एवं मुंबई की नुसरत खानम के बीच शानदार मुकाबला होगा। इसकी जोरदार तैयारी की जा रही है। उर्स मेला समिति के अध्यक्ष अनवरूल हक अंसारी, सचिव असगर हुसैन, कोषाध्यक्ष वकील अंसारी, तासीर अली अंसारी, इदरीश अंसारी, मो सलाउद्दीन, हाशिम अंसारी, मंजूर अंसारी, आसिफ अंसारी, हुसैन अंसारी, शमीम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, मनीर निजामी, शमशेर अंसारी, हसन जहांगीर, मन्नान अंसारी, डॉ इश्तियाक, वसीम अंसारी आदि इसकी व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## श्री श्री 1008 शिव मंदिर जंगलपुर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत जल यात्रा के साथ हुई



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : श्री श्री 1008 शिव मंदिर जंगलपुर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत गुरुवार को जल यात्रा के साथ हुई। इसमें 108 महिलाओं ने सर पर कलश लेकर बाजा गाजा के साथ पूरे क्षेत्र की परिक्रमा की और खुदिया नदी से जल उठाया। इसके बाद पंचांग पूजन, वेदी पूजन, जलाधिवास एवं संध्या आरती हुई । रात में कथा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा । भगवती जागरण के साथ इसकी पूर्णाहुति होगी। श्री श्री नरसिंह नारायण ठाकुरबाड़ी के महंत पवन महाराज जी के नेतृत्व में आयोजित इस अनुष्ठान के पंडित विभूति पांडेय एवं राजू पांडेय हैं । कलश यात्रा में समाजसेवी एवं मुखिया प्रतिनिधि मोकीम अंसारी, पंसस आफताब आलम, वार्ड सदस्य गुल्लू अंसारी व सुशील पांडेय, दुखु गोराई, मनसू गोराई, जय प्रकाश पांडेय, अमर सिंह, ब्रजेश पांडेय, उत्तम मंडल, राजू मंडल, शिबू गोराई, नारू गोराई, प्रभाष पांडेय, रंजीत मंडल, मलिंद्र गोराई आदि शामिल थे।

## कोयलांचल नागरिक समिति ने अजीत मलिक को धनबाद जिला अध्यक्ष मनोनीत किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: कोयलांचल नागरिक समिति के केंद्रीय अध्यक्ष चन्द्र शेखर पाठक ने बलियापुर थाना क्षेत्र के निपानिया ग्राम निवासी अजीत मलिक को धनबाद जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है तथा जल्द से जल्द जिला कमेटी एवं स्थानीय कमेटियों का पुनर्गठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। श्री मलिक के मनोनयन पर गणेश दास, विनय महतो, विजय रवानी, अरबाज खान, गोपाल यादव, राहुल राम, नीलकमल महतो, मोहम्मद सरफुद्दीन आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बलियापुर के सालपतरा निचे टोला में पानी के लिए हाहाकार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : बलियापुर प्रखंड के अंतर्गत सालपतरा नीचे टोला में एक ही चापाकल उपलब्ध है विगत चार दिनों से चापाकल खराब हो जाने के कारण सालपतरा नीचे टोला वासिओ को पानी के लिए 1 किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय सालपतरा जाना पड़ रहा है इस विषय पर दूधिया पंचायत के मुखिया श्री उत्तम कुमार चौबे से बात करने पर उन्होंने कहा एक से दो दिन के अंदर चापाकल का मरम्मती कर दी जाएगी।

## स्वर्गीय महाराज प्रसाद सिंह 15वां पुण्यतिथि आदर्श श्रमिक उच्च विद्यालय गोलकडीह मे मनाया गया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : शिक्षा का अलख जागने में स्वर्गीय महाराज प्रसाद सिंह का अहम भूमिका है उन्हीं के कारण इस क्षेत्र में विद्यालय एवं महाविद्यालय की स्थापना हुई और हजारों छात्र-छात्रा शिक्षा ग्रहण कर ऊंचे ऊंचे पदों पर आज काम कर रहे हैं उक्त बातें आदर्श श्रमिक उच्च विद्यालय गोलकडीह के प्राचार्य उमेश कुमार रवानी ने स्वर्गीय महाराज प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को कहे। स्वर्गीय महाराज प्रसाद सिंह का 15 वां पुण्यतिथि मनाया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के बच्चों को काफी दूर शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ता था उनके प्रयास से इस विद्यालय का स्थापना हुआ तब से क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागृति पैदा हुए। हमारे बीच आज नहीं है लेकिन उनके बताए गए रास्ते पर चलकर हम आगे बढ़ सकते हैं वे शिक्षा जगत में बच्चों को अंधेरा से प्रकाश की ओर ले गए इस महान आत्मा को हम लोग नमन करते हैं। माल्यार्पण करने वालों में प्रबंधक जीतलाल सिंह अध्यक्ष रामप्रवेश प्रसाद भी थे उन्होंने भी महाराज सिंह के बारे में अनेक बातें बताइए।

# एबीवीपी द्वारा प्राचार्य के घेराव के बाद बस सुविधा शुरू

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास : बाघमारा प्रखंड में स्थित एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय कतरास कॉलेज में जो सरकारी बस पड़ी रहती थी वह गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य का घेराव करने पर चल पडी। मामला यह है कि कॉलेज में बस के संचालन हेतु ड्राइवर और खलासी भी है तथा विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें तनख्वा भी दी जाती है परंतु उनके द्वारा बस नहीं चलाया जाता था। इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल छात्रों के साथ बीते शुक्रवार को कतरास कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य से मिलकर चर्चा की व बस को चलाने की मांग की थी। एबीवीपी ने चेतावनी दी थी कि यदि जल्द ही रूट चार्ट जारी करके बस को नहीं चलाया गया तो विद्यार्थी परिषद रणनीति बनाकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। प्राचार्य बी कुमार ने मामले की गंभीरता को बिना समझे और अपना मनमाना रवैया अपनाते हुए कोई भी कारवाही नहीं की| प्राचार्य की संवेदनहीनता और इस गैरजिम्मेदाराना हरकत से विवश होकर छात्रहित के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता ने उनका घेराव किया| अभाविप प्रतिनिधि ने कहा कि यदि प्राचार्य छात्रहित में निर्णय लेने में असमर्थ है तो तत्काल इस्तीफा दें| एबीवीपी ने प्राचार्य पर आरोप लगाया कि वे महाविद्यालय में डिक्टेटरशिप लाने का प्रयास कर रहे हैं| संगठन ने चेतावनी दी कि यदि आज से बस नहीं चलाई गयी तो एबीवीपी अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल करेगा| लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं और प्राचार्य के बीच बस चलाने को लेकर सहमति बनी| प्राचार्य ने कहा कि चौबीस घंटे के भीतर बस का रुट-चार्ट व समय-सारणी जारी की जाएगी|

मौके पर प्रांत विश्वविद्यालय सहसंयोजक शिवम रवानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय गुप्ता, अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण, मीडिया प्रभारी गोपाल केवट, एसएफएस प्रमुख रोहित राज दे, जीवविज्ञान विभाग संयोजक सिंटू मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत गुप्ता, विक्रम बजरंगी, शुभम पॉल, वरुण चावला, प्रियांशु चौरसिया, शुभम हजारी, आलोक सिन्हा व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# सम्पति विवाद झगड़ा मे दो सगे भाई ने सिंदरी कांड्रा बाजार के कुआँ मे कुदा, एक क़ी मौत, दूसरा अस्पताल में

पोलिट लाइव रिपोर्टर





मृतक बिजय अग्रवाल



मृतक का भाई संजय अग्रवाल

सिंदरी: गौशाला ओपी अंतर्गत झामुमों सिंदरी नगर अध्यक्ष अशोक महतो के कांड्रा बाजार स्थित आवास पर किराया पर रहने वाले विजय अग्रवाल की मौत आवास से दस कदम कि दूरी स्थित पानी से भरा कुये पर कुदने से संदिग्ध मौत होगा वहीं उसके बडे भाई संजय अग्रवाल कुएँ से बचकर निकाल गया।

घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि विजय अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल के बीच किसी बातको लेकिन घर में दोनों भाईयों के बीच तू- तू मे - में हुआ विजय अग्रवाल ने अपने बडे भाई संजय अग्रवाल से कहा कि तुम लोग सारा संपत्ति,जमीन,दुकान सबकुछ हथिया लियो हो ओर मुझे देख नहीं रहे हो और ना मेरे तबीयत खराब होने पर कही पर इलाज करने के लिए भर्ती नहीं करते हो, इस लिए में जा रहा हूँ कुआँ में कुदकर जीवन लिला समाप्त कर लेता हूँ,घर से निकल कर दरवाजा से थोडी दूर स्थित कुए तक आ गया साथ में उसके बडे भाई संजय अग्रवाल भी दारू के नशे उक्त कुआँ तक आया और कुएं के पास दोनो में फिर तू तू में में होने के बीच विजय अग्रवाल कुए पर कुद गया छोटा भाई विजय अग्रवाल को कुए पर कुदने को देखते बडे भाई संजय अग्रवाल नशे के हालत में छोटे भाई विजय का हाथ पकड़ने के लिए लपका तो संजय अग्रवाल भी कुए पर गिर गया। स्थानीय मोहल्ले के लोगों ने काफी मेहनत कर रस्सी आदी जुगाड़ किया लगभग बीस - पंचीस मिनट के बाद संजय अग्रवाल को नशे की हालत पर कुआं से जिंदा निकाला वहीं विजय अग्रवाल को चासनाला स्थित झरिया सह जोडापोखर समुदाय स्वास्थ्य केन्द्र गौशाला ओपी पुलिस एवं अन्य लोगों के सहयोग ले जाया गया।जहां डाक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया ।

मृतक के मझले भाई प्रवीर अग्रवाल ने कहा कि बडे भाई संजय अग्रवाल नशेड़ी हो गया हैं,हमेशा घर में बबाल करता रहता हैं इसलिए में आपना परिवार बच्चों को लेकर वहां से कोलबौड कालोनी में क्वार्टर भाडे में लेकर रहता हूँ । उन्होंने बताया कि बडे भाई संजय अग्रवाल के पत्तनी बच्चे कांडरा में नहीं है भाभी लगभग पन्द्रह दिनो से बच्चों को लेकर आपने माई के आदरा गई हुई हैं, बडे भाई संजय एवं छोटा भाई विजय एकेले रहता था। गौशाला ओपी पुलिस ने शव को आपने कब्जे ले लिया है। ओपी प्रभारी अनील मंडल ने बताया की शव की पोस्टमोर्टम होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही हैं, मामला संदिग्ध लग रहा हैं। पोष्टमार्डम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी.

## बलियापुर के सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन




पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर:लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विभागीय निर्देशानुसार स्विप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बिरसिंहपुर में इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटर हेल्पलाइन, मतदाता सूची में अपने पूरे परिवार का नाम देखने, वोट के दिन सपरिवार वोट डालने, मतदान केंद्रों में पहुंचने का निर्णय लिया गया। वही ग्रीष्म अवकाश में लोकसभा चुनाव के संबंध में विद्यालय के छात्र छात्राओं को असाइनमेंट लिखने को कहा जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद मिर्धा, सतीश कुमार, दिलीप कुमार, आनंद कुमार, रायन कुजूर, विपिन कुमार मंडल, प्रमिला देवी, टुंपा कुमारी, कोमल भारती आदि थे।

## भाजपा प्रत्याशी दुलू महतो के नामांकन पर धनबाद आयेंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद :धनबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दुलू महतो 30 अप्रैल को नामांकन करेंगे.मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा धनबाद आएंगे.झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहेंगे. पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आजसू के सुदेश महतो भी आ सकते हैं.दुलू महतो के नामांकन के दिन यानी 30 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनसभा का भी आयोजन किया गया है. जनसभा को भजन लाल एवं बाबूलाल मरांडी आदि संबोधित करेंगे. जनसभा को लेकर प्रशासन से अनुमति मांगी गई है. गोल्फ ग्राउंड या स्पोर्टस कांप्लेक्स में जनसभा की अनुमति मांगी गई है. प्रशासन की ओर से जहां जनसभा की मंजूरी दी जाएगी वहीं आयोजन किया जाएगा.

## कतरास कंचनपुर पंचायत क्षेत्र रामपुर में अवैध लॉटरी का धंधा जोरो पर




पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : कतरास थाना अंतर्गत कंचनपुर पंचायत क्षेत्र रामपुर में अवैध लॉटरी का धंधा जोरो पर। बंगाल व असम का अवैध नकली लॉटरी का हो रहा खरीद बिक्री। पुलिस अनजान। लोग हो रहे कंगाल। करोड़ो रूपया का चल रहा धंधा। एक दर्जन से ज्यादा एजेंट टिकट विक्रेता कर रहा टिकट बिक्री का खेल। स्थानीय मुखिया, पंसस भी चुप्पी साधे हुए है।

## दोलाबड़ में पीएचइडी विभाग क़ी टीम ने किया निरीक्षण



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: प्रखंड क्षेत्र के खेरवाड़ी गांव में पीएचइडी विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों का निरीक्षण करने विभाग की एक टीम गुरुवार को दोलाबड़ पहुंची। टीम में स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय कुमार पांडेय, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर साहिला परवीन, पवन कुमार गुप्ता, जेई लखीराम मांझी, मुखिया सुनीता मल्लिक आदि थे। निरीक्षण टीम ने इस दौरान खेरवाड़ी गांव में विभाग की ओर से बन रहे गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण किया। साथ ही साथ गांव के कई घरों में बने निजी शौचालय का भी जायजा लिया।

## गुरुकुल कतरास के दर्जनों छात्र जेईई एडवांस में लहराया परचम

### छात्रों के सफलता पर गुरुकुल के निदेशक डॉ रंजीत कुमार ने दी बधाई

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास: ग्यारहवीं ,बारहवीं विज्ञान के साथ आईआईटी की कोचिंग करानेवाली प्रतिष्ठित संस्थान गुरुकुल कतरास के दर्जनों छात्र जेईई मेंस परीक्षा में क्वालिफाइ हुए. जिसमे,रिंकूराज99.29, आयुष रंजन - 98.79 सुभोजीत दत्ता - 96,जारा परवीन - 95.26 , अंजू कुमारी- 95.18 ,अनीश कुमार- 95 गौरव कुमार- 93.24 ,आयुष गुप्ता- 90 ,उदय तिवारी- 90% परसेंटाइल अंक के साथ सफल हुए हैं. इसके अलावा प्रमोद कुमार,सुमित कुमार,आशीष कुमार वर्मा , कृष्णा कुमार , अर्चिता सिंह , बबली कुमारी , ईशा कुमारी , कार्तिक विश्वकर्मा , राहुल कुमार रविदास एवं अन्य छात्र छात्राओं ने अच्छे पर्सेंटाइल के साथ क्वालीफाई किया. सभी छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुकुल कतरास के निर्देशक डॉ. रंजीत कुमार को दिया .बच्चों ने कहा बिना गुरुकुल के मार्गदर्शन के हमारा रिजल्ट संभव नहीं था .

# दुल्लू महतो ने निरसा में चलाया धुआंधार जनसंपर्क अभियान





पोलिट लाइव रिपोर्टर

निरसा : धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दुल्लू महतो ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ निरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर धुंआधार जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसकी शुरुआत कलियासोल प्रखण्ड के दलदली आश्रम श्रीश्री गोकुलानंद मठ में पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद लेदाहरिया, डुमरिया, कलियासोल, मैथन,



पतलाबाड़ी, तिलतोरया, उपचुरिया, उदयपुर, भागाबांध, रामकनाली, धोबारी, बड़ा और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही हरि नाम संकीर्तन में भी शामिल हुए। तिलतोरिया में चल रहे सप्ताहांत भागवत कथा में भी पहुंचे और वृंदाबन से आये कथावाचक परम पूजनीय श्रधेय देवकीनंदन जी महाराज का आशीर्वाद लिया। मैथन में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। दूसरी ओर, घटवार समाज के लोंगों ने दुल्लू महतो का के स्वागत किया और जीत की अग्रिम ज बधाई दी ।

## अवैध महुआ 19 लीटर शराब के साथ तिसरा पुलिस ने एक को धर दबोचा और जेल भेज दिया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात ठाकुर मोर एम ओ सी पी के समीप से मुकुंदा के रहने वाले मानिक मोदक को अवैध महुआ का 19 लीटर शराब के साथ धर दबोचा और सुबह जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि एक गुमटी के पीछे शराब बेच रहा था काफी दिनों से इसकी तलाश थी बीती रात सूचना के बाद छापामारी की गई और उसको पकड़ा गया । किसी भी कीमत पर क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री नहीं होने देंगे साथ ही जनता से भी आग्रह किया की कोई भी अगर अवैध शराब बेच रहा है तो पुलिस को सूचना दें पुलिस सूचना को गुप्त रखेगी और उस पर कार्रवाई किया जायेगा । तीसरा क्षेत्र में लगातार छापरी होने से शराब बेचने वालों में हड़कंप मच गया है कई लोग धंधा छोड़कर दूसरे थाना क्षेत्र में भागने में ही भलाई समझे थाना प्रभारी ने बताया कि चाहे शराब हो लोहा हो कोयला हो अवैध रूप से नहीं चलने देंगे।।

## भाजपा बलियापुर पूर्वी मंडल के पंचायत में बुथ स्तरीय कार्यक्रम शुरू



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : भाजपा बलियापुर पूर्वी मंडल अंतर्गत पंचायत में बुथ स्तरीय कार्यक्रम। मुख्य रूप से विजय रवानी विद्युत चक्रवर्ती कन्हाई बनर्जी गौरांग मंडल दीपक गोप जी लखन बनर्जी रबी जी दीपक मिश्रा सपन चक्रवर्ती दिलीप राम,फनी गोराई। सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण।

## बलियापुर के बाघमारा गाँव के जंगलों में लगी भीषण आग



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : बाघमारा गांव के पास शिवपुर जाने वाली सड़क के अगल-बगल झाड जंगलो में असामाजिक तत्वों द्वारा गुरुवार को आग लगा दिए जाने से आग की लपटे तेजी से फैलने लगीं । दुर्घटना की आशंका को देख इसकी सूचना लोगों ने अग्निशमन विभाग सिंदरी को दी। सूचना पाकर विभाग का एक दमकल वाहन बाघमारा पहुंची। आग को बुझाया गया। मालूम हो कि गर्मी के इन दोनों क्षेत्र में जगह-जगह झाड़ जंगलों में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की घटनाएं काफी पड़ गई है। जंगलों में आग लगा दिए जाने से छोटे-छोटे जीव जंतुओं के साथ-साथ वन औषधिय पेड़ पौधे जलकर राख हो जा रहे हैं। जिससे काफी क्षति हो रही है।

